भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2081
बुधवार, 11 मार्च , 2026 / 20 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तरार्थ

सभी राज्यों में एनसीडी को पूर्ण रूप से कार्यान्वित करना

2081. श्री एस. सेल्वागनबेथी:
डा. सुमेर सिंह सोलंकी:
डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:
श्री मिथलेश कुमार:
श्रीमती किरण चौधरी:
श्री नारायण कोरागप्पा:
श्री मिलिंद मुरली देवरा:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) को सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में पूर्ण रूप से कार्यात्मक बना दिया गया है;
(ख) यदि हाँ, तो तद्संबंधी ब्यौरा क्या है, जिसमें जनवरी, 2026 तक एनसीडी में शामिल और पंजीकृत सहकारी समितियों की कुल संख्या सहित तद्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सत्यापन, अनुपालन निगरानी, वित्तीय रिपोर्टिंग और विनियामक निरीक्षण के उद्देश्यों के लिए इस डेटाबेस को अन्य सरकारी पोर्टलों और डिजिटल प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत किया गया है;
(घ) यदि हाँ, तो तद्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता, निगरानी और नीति नियोजन में सुधार लाने पर एनसीडी के प्रभाव का आकलन किया है; और
(च) यदि हाँ, तो तद्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) जी हाँ। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से विकसित किया गया है। NCD पोर्टल का शुभारंभ 08 मार्च, 2024 को किया गया। यह डेटाबेस तीन चरणों में विकसित किया गया है और इसमें सहकारी समितियों के स्थान, सदस्यता, आर्थिक गतिविधियों, अवसंरचना, वित्तीय प्रदर्शन तथा ऑडिट विवरण जैसे विभिन्न मानकों से संबंधित डेटा शामिल है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस https://cooperatives.gov.in पर उपलब्ध है।

(ख) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) देशभर की 8.4 लाख से अधिक सहकारी समितियों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है, जिनमें लगभग 31 करोड़ सदस्य 30 विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं।

NCD के अनुसार राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार सहकारी समितियों की कुल संख्या **अनुलग्नक-1** में दी गई है।

(ग) एवं (घ) जी हाँ। डेटा की सटीकता और अंतर-संचालनीयता सुनिश्चित करने के लिए NCD पोर्टल को विभिन्न सरकारी पोर्टलों और डिजिटल प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत किया गया है, जैसे, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (PMBJK) डेटाबेस, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) का कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) डेटाबेस, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PMKSK) डेटाबेस, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) का उद्योगम (Udyam) पोर्टल और कंप्यूटरीकरण ऑफ PACS (e-PACS) पोर्टल।

इसके अतिरिक्त, सहकारी समितियों से संबंधित सटीक और अद्यतन डेटा बनाए रखने के लिए NCD पोर्टल को सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ (RCS) पोर्टलों के साथ API के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे स्वचालित डेटा अद्यतन, समन्वयन और सूचना प्रबंधन संभव हो सके। दिनांक 01.03.2026 तक राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, मिजोरम तथा दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव ने NCD पोर्टल के साथ एकीकरण पूरा कर लिया है।

(ङ) एवं (च) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) का उपयोग नीति निर्माताओं, राज्य सरकारों तथा अन्य हितधारकों द्वारा सहकारी आंदोलन को सुदृढ़ करने के लिए किया जा सकता है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ सहकारी समितियों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम है। यह डेटाबेस सहकारी समितियों के भौगोलिक विस्तार में मौजूद अंतराल की पहचान करने में भी सहायक है, जिसमें देश भर के आवृत एवं अनावृत ग्राम पंचायतों की पहचान करना भी शामिल है।

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के उपयोग से सरकार ने 24 जनवरी, 2025 को सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क प्रारंभ किया, जिसके माध्यम से सहकारी समितियों की राज्य, जिला, ब्लॉक तथा क्षेत्रवार मूल्यांकन और रैंकिंग की जाती है। राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों के रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ (RCS) NCD पोर्टल के माध्यम से 12 प्रमुख क्षेत्रों की प्राथमिक सहकारी समितियों की रैंकिंग तैयार कर सकते हैं। यह प्रणाली सहकारी समितियों के बीच पारदर्शिता, विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है, जिससे उनके समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

*****

अनुलग्नक-1

राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार सहकारी समितियों की कुल संख्या

S.No	State / UT Name	Total no. of societies
1	Andaman And Nicobar Islands	2,239
2	Andhra Pradesh	18,183
3	Arunachal Pradesh	1,461
4	Assam	12,427
5	Bihar	27,387
6	Chandigarh	476
7	Chhattisgarh	11,845
8	Delhi	5,944
9	Goa	5,593
10	Gujarat	86,519
11	Haryana	34,673
12	Himachal Pradesh	5,791
13	Jammu And Kashmir	10,620
14	Jharkhand	12,091
15	Karnataka	46,969
16	Kerala	19,652
17	Ladakh	275
18	Lakshadweep	43
19	Madhya Pradesh	53,965
20	Maharashtra	2,25,986
21	Manipur	11,627
22	Meghalaya	3,452
23	Mizoram	1,560
24	Nagaland	7,955
25	Odisha	8,362
26	Puducherry	464
27	Punjab	19,662
28	Rajasthan	41,969
29	Sikkim	3,768
30	Tamil Nadu	23,210
31	Telangana	60,858
32	The Dadra and Nagar Haveli & Daman and Diu	597
33	Tripura	3,270
34	Uttar Pradesh	40,709
35	Uttarakhand	6,393
36	West Bengal	32,142
	Total	**8,48,137**

Source: NCD portal as of 20.01.2026.